पेट्रोल में 10% एथेनाल मिश्रण से 41 हजार करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बची

नई दिल्ली, प्रेट्र: केंद्रीय वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने बुधवार को कहा कि पेट्रोल में एथेनाल का 10 प्रतिशत मिश्रण करने से देश की करीब 41 हजार करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है।

वाहन उद्योग संगठन सियाम के आनलाइन कार्यक्रम में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार सतत मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रयास कर रही है। चौबे ने कहा कि सरकार ने पेट्रोल में 10 प्रतिशत एथेनाल मिश्रण के लक्ष्य को तय समय से पांच महीने पहले ही पूरा कर लिया है। इस पहल से किसानों को भी लाभ मिला है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब सरकार ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनाल मिलाने का लक्ष्य तय किया है जिसे 2025-26 तक हासिल कर लिया जाएगा। यह देश के तेल आयात पर निर्भरता कम करने और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की दिशा में